प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 10.02.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. रेल सेवा विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए आठ सौ करोड़ से अधिक की मल्टी ट्रैकिंग परियोजनायें मंजूर, झारखंड को भी मिलेगा लाभ।
2. हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को 6 सप्ताह के भीतर लोकायुक्त की नियुक्ति करने का दिया निर्देश, 4 हफ्ते में अन्य संवैधानिक पदों पर नियुक्ति की समय–सीमा बताने को भी कहा।
3. रांची समेत राज्य के चौदह चिन्हित जिलों में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर विशेष अभियान की शुरूआत, पच्चीस फरवरी तक स्वास्थ्यकर्मी खिलायेंगे फाइलेरिया रोधी दवा।
4. सेफर इंटरनेट डे के अवसर पर राज्य में डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता के लिए कई कार्यक्रम आयोजित, विश्व दलहन दिवस पर उत्पादन, खरीद और उपभोग पर जोर।
5. पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी झारखंड पर्यटन के ब्रांड एंबेसडर के रूप में बनेंगे राज्य की पहचान, खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने जताया आभार।

****

केन्द्र सरकार रेल सेवा विस्तार और सुदृढ़ीकरण पर खास जोर दे रही है। सरकार का ध्यान रेल कॉरिडोर को रफ्तार देने की भी है। रेलवे ने इस सिलसिले में करीब आठ सौ पन्द्रह करोड़ रूपये की मल्टी ट्रैकिंग परियोजना को मंजूरी दी है। रेल अवसंरचना विकास से जुड़ी इन परियोजनाओं का लाभ झारखंड को भी मिलेगा।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को 6 सप्ताह के भीतर लोकायुक्त की नियुक्ति करने का कड़ा निर्देश दिया है। साथ ही, मानवाधिकार और सूचना आयोग जैसे अन्य संवैधानिक पदों पर नियुक्ति की समय–सीमा बताने के लिए 4 सप्ताह में शपथ पत्र मांगा है। अदालत इन रिक्त पदों पर जल्द बहाली चाहती है।

****

एक्सएलआरआई जमशेदपुर में को नेक्सजेन 2026 स्टार्टअप और इन्वेस्टर समिट का सफल आयोजन हुआ। शार्क टैंक की तर्ज पर हुए इस कार्यक्रम में 250 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 5 स्टार्टअप्स को लाइव पिचिंग का मौका मिला। विशेषज्ञों ने युवाओं को फंडिंग और बिजनेस रणनीति के गुर सिखाए।

****

धनबाद के बेलगड़िया टाउनशिप में विस्थापित महिलाओं के लिए आइआइटी–आइएसएम के सहयोग से झारशिल्प केंद्र की शुरुआत हुई है। उपायुक्त आदित्य रंजन ने इसका उद्घाटन किया, जहां महिलाओं को बांस और जूट हस्तशिल्प का प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह पहल रोजगार और स्थानीय हुनर को नई पहचान देगी।

****

फाइलेरिया मुक्त झारखंड के लक्ष्य को हासिल करने के लिए राज्य के चौदह जिलों में आज से मास ड्रग डमिनिस्ट्रेशन अभियान की शुरूआत हुई। यह अभियान पच्चीस फरवरी तक बोकारो, देवघर, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, रामगढ़, रांची, साहिबगंज और लोरहदगा में चलाया जाएगा। इन जिलों में इस दौरान फाइलेरिया उन्मूलन की दो खुराक दी जाएगी, जबकि तीन जिलों कोडरमा, पाकुड़ और सिमडेगा में तीन दवाइयां खिलायी जाएंगी।

****

स्कूली छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान की जानकारी देने के उद्देश्य से स्पेस ऑन व्हील्स नामक एक अनोखी बस रांची पहुंची है। यह एक मोबाइल विज्ञान प्रदर्शनी है, जिसे इसरो और विज्ञान भारती के सहयोग से तैयार

किया गया है। इस बस में इसरो के विभिन्न उपग्रहों, रॉकेटों और चंद्रयान जैसे अंतरिक्ष मिशनों के मॉडल प्रदर्शित किए गए हैं।

****

पलामू के छतरपुर स्थित डाली में 12 फरवरी को पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर का उद्घाटन होने जा रहा है। संभवतः यह देश का पहला मंदिर है जो पर्यावरण को समर्पित है। इस ऐतिहासिक समारोह में अमेरिकी पर्यावरणविद जॉर्ज जेम्स, कर्नाटक के एपिको आंदोलन के पांडुरंग हेगड़े और नेपाल के सलाहकार सरोज शर्मा जैसे वैश्विक विशेषज्ञ शामिल होंगे। इस मंदिर के सृजनकर्ता पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल के अनुसार यह मंदिर पर्यावरण संरक्षण और आध्यात्मिक ज्ञान का अनूठा केंद्र बनेगा।

****

सेफर इंटरनेट डे के अवसर पर राज्य में डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। रांची और धनबाद के स्कूलों में साइबर सुरक्षा पर कार्यशालाएं आयोजित की गईं, जहाँ छात्रों को सुरक्षित ब्राउजिंग और फिशिंग से बचने के टिप्स दिए गए।

****

आज विश्व दलहन दिवस है। इस मौके पर राज्य में जागरुकता के कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। रांची स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय और कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा किसानों को दालों के पोषण और मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के लाभ बताए जा रहे हैं। केंद्र सरकार की कई योजनाएं दलहन उत्पादन, खरीद और उपभोग को बढ़ावा दे रही हैं।

****

घरेलू शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक सेंसेक्स में आज दोपहर के कारोबार में शून्य दशमलव तीन प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। सेंसेक्स 300 अंक उछल कर 84 हजार तीन सौ पैंसठ और निफ्टी 80 अंक की वृद्धि के साथ 25 हजार नौ सौ सैंतालिस पर था।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 45 हजार 6 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 72 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

राज्य में मौसम का उतार–चढ़ाव जारी है। मौसम विज्ञान केन्द्र ने बताया है कि न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री वृद्धि की संभावना है। पंद्रह फरवरी तक सवेरे कुहासे के हालात रह सकते हैं। हालांकि मौसम के शुष्क रहने का पूर्वानुमान है।

****

पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अब झारखंड पर्यटन के ब्रांड एंबेसडर के रूप में राज्य की पहचान बनेंगे। खेल मंत्री सुदिव्य कुमार के अनुसार, धोनी ने अपने गृह राज्य के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बिना किसी फीस के ब्रांड एंबेसडर बनने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है।

श्री कुमार ने बताया कि धोनी के साथ राज्य के पर्यटन स्थलों का प्रमोशनल शूट इसी महीने शुरू होने की संभावना है।

****